श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
25.04.2024
वैशाख कृष्णपक्ष द्वितीया, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 240

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:28 बजे
अस्त - 06:20 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 41 डिग्री से.
न्यूनतम : 26 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार
www.banshidharnews.com

बहन की मंडप में मार पीट, एक की मौत ›› पेज 03 | आदिवासियों के विकास के लिए भाजपा जरूरी : भूपेन्द्र ›› पेज 04

## सुविचार

चोरी और झूठ ये दो बातें, इंसान के चरित्र पर ऐसा दाग लगा देती हैं, जो कभी मिट नहीं सकता!

## न्यूज अपडेट्स

### मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित

**रांची।** राज्य में चार चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए संबंधित संसदीय क्षेत्रों व संबद्ध जिलों में निर्वाचन के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। निर्धारित मतदान की तिथि को निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंटल एक्ट के तहत संबंधित लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों एवं गांडेय विधानसभा क्षेत्र में स्थित सभी सरकारी कार्यालय और सार्वजनिक प्रतिष्ठान मतदान की तिथि को बंद रहेंगे। इस दिन बैंक भी बंद रहेंगे। मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के पत्र के बाद कार्मिक विभाग ने बुधवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। झारखंड में 14 सीटों पर 13 मई, 20 मई, 25 मई और 01 जून को मतदान होंगे।

### पंचायत सेवक रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**लातेहार।** जिले के महुआडांड़ प्रखंड के चटकपुर पंचायत में पदस्थापित पंचायत सेवक अनेश्वर प्रसाद को एसीबी की टीम ने बुधवार को चार हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चटकपुर पंचायत के रहने वाले एक लाभुक को मनरेगा योजना से कुआं मरम्मत की योजना स्वीकृत हुई थी। लाभुक के द्वारा काम पूरा करवाने के बाद भुगतान के लिए पंचायत सेवक से पिछले कई दिनों से गुहार लगाई जा रही थी लेकिन पंचायत सेवक इसके लिए चार हजार रुपये रिश्वत मांग रहा था।

## पलामू लोस सीट : भाजपा व राजद के उम्मीदवारों ने किया नामांकन

# वीडी के रोड शो में उमड़ी भीड़



**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी सह पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने बुधवार को नामांकन के बाद शिवाजी मैदान में जनसभा की। नामांकन कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, नागरिक उद्यान राज्यमंत्री एवं पूर्व सेना प्रमुख जनरल वी.के. सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, बालमुकुंद सहाय, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। जनसभा में भाग लेने से पहले समाहरणालय तक रोड शो किया गया, जिसमे भाजपा के हजारों नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे। मौके पर भाजपा प्रत्याशी सह सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि उन्होंने आज अपना नामंकन किया है। और दस साल के कार्यकाल में उन्होंने पलामू में बेहतर कार्य किया है और इस बार चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद वे पलामू लोकसभा क्षेत्र में आम जनता की हर सुविधा मुहैया कराएंगे। पलायन, सिंचाई, बिजली समेत अन्य समस्याओं से निजात दिलाना।

### मोदी को मजबूत करने के लिए वीडी राम को जीताइए : वीके सिंह

केन्द्रीय मंत्री पूर्व सेना प्रमुख जनरल विजय कुमार सिंह ने कहा कि विकास के लिए वोट कीजिए। आप अच्छी सड़क, बिजली, सेतु चाहते हैं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए वीडी राम को जीताइये। उन्होंने कहा कि पहले निर्माण में घटियापन था, इसलिए ब्रीज, सड़कें बार-बार टूटती थी, लेकिन मोदी के आने के बाद ऐसा होना रुक गया, क्योंकि देश में मजबूत सरकार का अस्तित्व है।

### पलामू लोकसभा सीट के लिए भाजपा और राजद समेत चार उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन पत्र





**मेदिनीनगर।** अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित पलामू लोकसभा क्षेत्र में छठे दिन बुधवार को चार नामांकन पत्र दाखिल हुए। भारतीय जनता पार्टी से विष्णु दयाल राम, राजद से ममता भुइयां, एयूसीआई (सी) से महेन्द्र बैठा एवं भागीदारी पी से सत्येन्द्र कुमार पासवान ने नामांकन पत्र दाखिल किया। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में चारों उम्मीदवारों ने निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के समक्ष नामजदगी के पर्चे दाखिल किए। इससे पहले चारों उम्मीदवारों ने शहर के अलग-अलग इलाकों से रैली निकालकर समाहरणालय पहुंचे। छठे दिन चार उम्मीदवारों के नामांकन के साथ अबतक आठ प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया है। उल्लेखनीय है कि नामांकन का छठा दिन है। 25 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किया जाएगा। नामांकन दाखिल करने का अब मात्र एक दिन शेष रह गया है।

## एनएच 75 फोरलेन के डायवर्सन में धूल उड़ने से हादसा, बाइक सवार दो युवकों की मौत



**मेदिनीनगर।** रांची-डालटनगंज मुख्य पथ पर मंगलवार की रात करीब10.30 बजे लहलहे में बन रहे एनएच-75 फोरलेन के डायवर्सन पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई है, जबकि एक अन्य युवक जख्मी है। हालांकि घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल तीनों युवकों को इलाज के लिए डालटनगंज सदर अस्पताल भेजा था, जहां दोनों युवकों की मौत होने की पुष्टि चिकित्सकों द्वारा करने के बाद पुलिस को सूचना दिए बगैर परिजन शव घर ले आए। बुधवार को अंतिम संस्कार करा दिए जाने की भी सूचना है। इधर, बताया जाता है कि एनएच-75 पर उड़ रही धूल की वजह से बाइक सवार युवकों को डंपर ने अपनी चपेट में ले लिया और फरार हो गया। बाइक पर सवार सभी युवक सतबरवा प्रखंड अंतर्गत लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से बारात में शामिल होने जा रहे थे। घटना के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई। वही मृत युवक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है। एक युवक सतबरवा प्रखंड के धावाडीह पंचायत का तथा दूसरा मृतक युवक सदर थाना क्षेत्र के चियांकी गांव का निवासी है।

इधर, सतबरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले एनएच 75 पर लहलहे में सड़क हादसे के बारे में पूछे जाने पर थाना प्रभारी अंचित कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि लहलहे के ग्रामीणों ने जानकारी दी थी कि रात्रि में बन रहे एनएच के ड्राईवर्सन में बाईक हादसे में तीन लोग घायल हो गए थे, जिन्हें अस्पताल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों द्वारा संबंधित थाना को सूचना नहीं दी गई है।

## झारखंड में प्रचार के लिए भाजपा के स्टार प्रचारक तय

**प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह सहित 40 नाम शामिल**

**रांची।** राज्य में लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। बुधवार को जारी इस सूची के संबंध में केंद्रीय निर्वाचन आयोग को भी जानकारी दे दी है। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित 40 नाम शामिल किए गए हैं। इस सूची में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, धर्मेंद्र प्रधान, पीयूष गोयल, अर्जुन मुंडा, मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, बिहार के मंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी के अलावा लक्ष्मीकांत वाजपेई, बाबूलाल मरांडी, गीता कोड़ा, सीता सोरेन, भानु प्रताप शाही, नीलकंठ सिंह मुंडा, रणधीर सिंह समेत प्रदेश भाजपा के कई नेता, विधायकों, पदाधिकारियों को भी जगह दी गई है।

## रामगढ़ अंचल का स्टाफ 10 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**रामगढ़।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बुधवार को रामगढ़ अंचल के कर्मी अनिल कुमार महली को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीपी की टीम ने हल्का तीन के कर्मचारी अमित कुमार लोहरा को भी हिरासत में लिया और उनके कार्यालय की तलाशी ली, जहां से कई अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं। इस बाबत एसीबी एसपी आरिफ इकराम ने बताया कि हजारीबाग जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत चुरचू गांव निवासी प्रेम शंकर मेहता ने एक शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में की थी। उन्होंने कहा था कि रामगढ़ अंचल अंतर्गत ग्राम बनखेता में 10 डिसमिल जमीन उन्होंने खरीदी है, जिसका दाखिल खारिज हो गया है। वर्ष 2016-17 तक का रसीद कटा हुआ है। उस जमीन को अपने नाम से ऑनलाइन चढ़ाने और ऑनलाइन रसीद निर्गत करने के लिए अंचल कार्यालय में उन्होंने आवेदन दिया था। एसपी ने बताया कि प्रेम शंकर मेहता ने कई बार कार्यालय के चक्कर लगाए लेकिन उनका काम नहीं हुआ। इसके बाद कार्यालय के स्टाफ अनिल कुमार महली ने उनसे 25 हजार रिश्वत के तौर पर मांगे। बाद में 10 हजार में यह डील हो गई, जिसका सत्यापन भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पदाधिकारी ने 23 अप्रैल को कराया। इसके बाद भी अंचल कार्यालय के स्टाफ अनिल कुमार महली ने यह कहा कि 10 हजार अभी देना होगा और बाकी पैसे काम होने के बाद देना होगा।

## रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि, विभाग अलर्ट, आरआरटी का गठन

# कुक्कुट व अंडा खरीद बिक्री पर रोक



**रांची।** राजधानी रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। आइसीएआर - एनआइएचएसएडी भोपाल में रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में एच फाइव एन वन एवियन इन्फ्लुएंजा की पृष्टि बुधवार को हुई है। बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन की ओर से एक्शन प्लान के तहत रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) का गठन किया गया है। उपायुक्त सह-जिला-दंडाधिकारी, राहुल कुमार सिन्हा ने इस संबंध में आदेश जारी कर रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया है। प्रत्येक टीम में पशु चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एव कर्मियों को जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक, कुक्कुट, क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवारी रांची से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया है। एक्शन प्लान के तहत आरआरटी के जरिये क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं इसके बाद संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण क्लीनिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जाना है। एक्शन प्लान के तहत एपिसेंटर से एक किलोमीटर की परिधि में कुक्कुट पालन से संबंधित सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा, ताकि प्रशासनिक स्तर पर कुक्कुटों की कलिंग के लिए शीघ्र निर्णय लिया जा सके। साथ ही टीम की ओर से एपिसेंटर से 10 किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र का मानचित्र बनाकर सर्विलांस जोन के रूप में चिन्हित करते हुए इस क्षेत्र में एवियन इंफ्लुएंजा की सघन निगरानी का कार्य भी किया जाएगा। उपायुक्त ने एहतियात के तौर पर रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा-मृत कुक्कुटों-कुक्कुट उत्पाद और अंडा की खरीद-बिक्री पर रोक लगाई गई है। साथ ही इनके परिवहन पर भी अगले आदेश तक रोक रहेगा।

**इन क्षेत्रों में सर्वेक्षण का कार्य करेगी रैपिड रिस्पांस टीम**

-होटवार, गाड़ी गांव, गाड़ी होटवार एवं बकेन टोली।

-खटंगा, न्यू खटंगा, महुआ टोली एवं आर्मी कैंप के पास का क्षेत्र।

-बांध गाड़ी, डुमरदगा, जेपी नगर, एवं बूटी मोड़ के पास का क्षेत्र।

## बेटे ने मां-बाप को उतारा मौत के घाट




**गुमला।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के लॉरंबा गांव में कलयुगी पुत्र ने अपने ही माता-पिता की लाठी से पीट कर बुधवार को हत्या कर दी। मगर इस दोहरे हत्याकांड की जानकारी संध्या 6 बजे लोगों को मिली। जानकारी के अनुसार पुत्र अर्पण मिंज (25) ने पिता जेवियर मिंज एवं माता द्रोथिया मिंज की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपित पुत्र अर्पण मिंज ने घर के एक कमरे में अपने आप को बंद कर लिया। शाम करीब पांच बजे काम कर घर लौटे बड़े भाई वाल्टर मिंज ने घर के आंगन में अपने माता-पिता के शव को देखकर भौचक्का रह गया। इसके बाद वह अपने घर में अपने भाई को ढूंढने लगा। उसने घर का एक दरवाजा बंद देख। इसके बाद उसने काफी देर तक दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। दरवाजा नहीं खोलने पर उसने दरवाजे को तोड़ दिया तो देखा कि उसका छोटा भाई अर्पण चुपचाप बैठा हुआ है। घटना के बारे पूछने पर उसने कुछ नहीं बताया। बड़ा भाई वाल्टर अर्पण के संदिग्ध व्यवहार को देखकर समझ गया कि मां पिताजी की हत्या अर्पण ने ही की है। इसके बाद घटना की सूचना चैनपुर पुलिस को दी गई। चैनपुर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक घटना का खुलासा नहीं हो सका है कि किस बात को लेकर पुत्र अर्पण ने अपने ही माता-पिता की हत्या कर दी है।



# हर मतदाता खुद को समझे भाजपा प्रत्याशी : बीके सिंह

**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** पलामू भाजपा ने पलामू लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के नामांकन दाखिल किये जाने के बाद स्थानीय शिवाजी मैदान में एक विशाल जनसभा आयोजित की। जनसभा में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, नागरिक उद्यान राज्य मंत्री जनरल बीके सिंह ने सभी का आभार जताते हुये उनका धन्यवाद किया। श्री सिंह ने कहा कि मैं सभी देवतुल्य जनता एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त करता हूं। पलामू लोकसभा सीट से हरेक जनता भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के रूप में यह चुनाव लड़ रही है और यह चुनाव जीतकर पलामू की जनता मोदी जी को एक कमल फूल भेंट करेगी। मौके पर अन्य वक्ताओं ने कहा कि आप सभी भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को जितायें जिससे केंद्र की भाजपा सरकार और मजबूत हो। मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भानू प्रताप शाही, विधायक रामचन्द्र चन्द्रवंशी, आलोक चौरसिया, पुष्पा देवी, डॉ शशिभूषण मेहता, सोनभद्र विधायक भूपेश चौबे, बालमुकुंद सहाय, जवाहर पासवान, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, पूर्व सांसद मनोज भुईयां, पूर्व सांसद घुरन राम, पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, लोकसभा प्रभारी विनय लाल, लोकसभा संयोजक विपिन बिहारी सिंह, अलखनाथ पाण्डेय, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, गढ़वा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, श्याम नारायण दुबे, शारदा महेश प्रताप देव, मुकेश निरंजन सिंहा, रघुराज पांडेय, विभाकर नारायण पांडेय, नरेंद्र कुमार पांडेय समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### एसडीपीओ व एसडीओ ने लिया बूथों का जायजा

**हुसैनाबाद :** लोकसभा चुनाव को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के हुसैनाबाद, हैदर नगर व मोहम्मद गंज थाना क्षेत्र के कई पंचायत के मतदान केंद्र का हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी सह आईएएस पीयूष सिन्हा व एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने बुधवार को जायजा लिया। बुथ निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर पहुंच कर जांच कर विधि व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने पूर्व के चुनाव के दौरान मतदान केंद्र पर हुई विवाद के साथ साथ मतदान केंद्र पर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने पर भी मतदाता को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों पर बिजली, पेयजल दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाता की सुविधा उपलब्ध कराने को निर्देशित किया। उन्होंने मतदाताओं को निर्भीकता पूर्वक मतदान करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव चौथे चरण में पलामू संसदीय क्षेत्रों में होना है। इसे लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस प्रशासन अलर्ट है। एसडीओ पीयूष सिन्हा व एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के साथ संबंधित प्रखंड के बीडीओ भी साथ में उपस्थित थे।

**आम चुनाव** 10 वर्षो में गांवों का विकास नहीं कर सकी केन्द्र सरकार

# चतरा व पलामू सीट पर इंडि महागठन बंधन की होगी ऐतिहासिक जीत : भोक्ता



**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** झारखंड के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि इस बार चतरा और पलामू लोकसभा सीट पर इंडिया महागठन के उम्मीदवारों की ऐतिहासिक जीत होगी। उन्होंने कहा कि 10 सालों में केंद्र सरकार के नीति और नियत को देश के युवा जान चुके हैं। देश में बेरोजगारी, महंगाई चरम सीमा पर है। वहीं 10 सालों में केंद्र की सरकार ने गांवों का विकास नहीं कर सकती है। वहीं 10 सालों में स्मार्ट सीटी का सपना केंद्र की सरकार पूरा नहीं कर सकी है। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ जिन गरीबों को मिलना चाहिये वह नहीं मिल सका है। देशवासी देश में बदलाव चाहते हैं। उन्होंने कहा कि चतरा में महागठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी और पलामू लोक सभा सीट से ममता भुईयां बेहतर उम्मीदवार हैं। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि पलामू से राजद प्रत्याशी ममता भुईयां रिकार्ड मतों से विजयी दर्ज करेंगी। पलामू के मतदाता इस बार पूरी तरह बदलाव के मूड में आ चुकी है। लंबे समय के बाद राजद प्रत्याशी को लोक सभा सीट से टिकट मिला है। इस कारण ममतदाताओं में काफी खुशी है। राजद प्रत्याशी ममता भुईयां ने कहा कि वर्तमान सांसद के 10 सालों के कार्यकाल को पलामू लोक सभा क्षेत्र की जनता देख चुकी है। 10 सालों में पलायन और बेरोजगारी को वर्तमान सांसद दूर नहीं कर सके। इस कारण इस बार जनता पलामू की बेटी को अपना कीमती वोट देकर संसद में भेजेगी।

## राजद प्रत्याशी ममता भुईंया के नामांकन में कई नेता शामिल

**मेदिनीनगर :** पलामू लोकसभा सीट से चुनाव को लेकर इंडी महागठबंधन के राजद प्रत्याशी ममता भुईयां ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। मौके पर राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा समेत 5 सदस्य मौजूद थे। इससे पूर्व पलामू समाहरणालय गेट तक राजद प्रत्याशी ममता भुईयां कार्यकताओं के साथ जुलूस की सक्ल में पहुंची। उन्होंने गेट पर पत्रकारों से पलामू लोकसभा क्षेत्र के विकास को नाकाफी बताते हुये अपने लिये समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि यदि पलामू व गढ़वा जिले की जनता हमें आशीर्वाद देती है तो पलामू लोकसभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास कर दिखाऊंगी। इससे पूर्व हाउसिंग कॉलोनी मैदान में एक सभा आयोजित हुई जिसमें लोगों ने इंडी महागठबंधन के राजद प्रत्याशी ममता भुइयां को भारी मत से जीताने की अपील की।

## मतदाताओं को किया गया जागरूक

**बंशीधर न्यूज**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिये जागरूक किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने कहा कि प्रत्येक जिम्मेदार भारतीय नागरिक पर लोकतंत्र का कर भारित है। जिसे हमें ससमय चुकाना होता है। उन्होंने कहा कि यदि एक नागरिक एक योग्य प्रत्याशी



को मतदान करता है तो वह लोकतंत्र कर का एक बड़ा हिस्सा चुका देता है। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिये हर मतदाताओं को मतदान करना बेहद जरूरी हैं। एक वोट से देश का किस्मत बदल सकता है। इसलिये सभी जागरूक मतदाता मतदान कर अपने दायित्वों का जरूर निर्वहन करें। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को 'लोकतंत्र कर' बकाया का नोटिस दिया गया तथा वाहनों, भवनों आदि पर भी नोटिस पर्ची चिपकाई गई। कार्यक्रम में नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, कनीय अभियंता अजीत टुडू, मुकेश कुमार, सुपरवाईजर दीपक कुमार, राजेश कुमार, सुमित कुमार, मुबारक अंसारी, रमेश कुमार, रवि कुमार, सुबोध कुमार, रमीज रजा सहित परिषद के कई कर्मी व आम मतदाता शामिल थे।

## भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में कई बड़े नेता हुए शामिल

**मेदिनीनगर :** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में हो रहे पलामू लोकसभा सीट के लिये चुनाव को लेकर बुधवार को एनडीए गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने नामांकन किया। उन्होंने समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन को नामांकन पत्र सौंपा। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री जेनरल बीके सिंह, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आदित्य साहू समेत कुल पांच लोग मौजूद थे। पर्चा दाखिल करने से पहले वीडी राम ने छह मुहान स्थित काली मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद दर्जनों समर्थकों के साथ वहां से समाहरणालय परिसर के मुख्य गेट पर पहुंचे और वहां से उतरकर पैदल नामांकन कक्ष की ओर प्रस्थान किया। इस दौरान भाजपा नेता रवीन्द्र राय, बालमुकुंद सहाय, मनोज सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी समेत भाजपा के पदाधिकारी व कई गणमान्य नेता मौजूद थे।

**डंडई : गर्मी बढ़ते ही बाजार में बढ़ी मिट्टी के घड़े और सुराही की मांग**

# 40-50 रुपये से लेकर 200 रुपये तक के घड़े की हुई बिक्री

**जितेन्द्र यादव**

**डंडई :** प्रखंड मुख्यालय में लगने वाले बुधवार सप्ताहिक बाजार को मिट्टी से बना घड़ा व सुराही की मांग बढ़ गई है। इस क्षेत्र के लोग मिट्टी से बने घड़े को देशी फ्रिज भी कहते है। वहीं कुम्हार समाज की मानें तो पहले मिटी के बने बर्तन गरीब एवं मध्यम वर्ग के देहाती क्षेत्र के लोग खरीदकर इसका उपयोग करते थे। परंतु अब ऐसा समय आ गया है कि मिट्टी



के घड़ा व सुराही का उपयोग हर वर्ग के लोग करने लगे हैं। बता दें कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है। लोग अपने-अपने हिसाब से इससे निजात पाने के हर संभव उपाय अपनाने में लग गये हैं। जहां गर्मी की बात होती है, वहीं प्यास की बात होती है। हर लोग चाहते हैं की उसे गर्मी के दिनों में जब प्यास लगे तो थोड़ा पीने के लिए ठंडा पानी मिल जाय। परंतु ठंडा पानी पीने के लिए तो सभी लोग अपने-अपने घरों में इलेक्ट्रॉनिक फ्रिज तो लगा नहीं सकते हैं। जिससे निजात पाने के लिए लोग अपने-अपने घरों में मिट्टी का घडा यानी (देशी फ्रिज) का उपयोग कर पीने के लिए ठंडा पानी की व्यवस्था करने में जुट गए हैं। इस उमस भरी गर्मी में मिट्टी के बने घड़े,सुराही, मटका की डिमांड काफी बढ़ गई है। जिसको देखते हुए डंडई में लगने वाले बुधवार सप्ताहिक बाजार में 40-50 से लेकर 200 रुपये तक का एक-एक घड़ा की बिक्री हुई।

### बिक्री बढ़ी, पर नहीं मिल रही सही कीमत

मिट्टी के बर्तन बेचने वाले अर्जुन प्रजापति,राजू कुमार,रामकृष्ण पाल आदि लोगों ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही घड़ा और सुराही की बिक्री में तेजी आई है। क्षेत्र के लोग काफी संख्या में घड़े खरीदकर ले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उसके यहां 40 रुपये से लेकर 150 रुपये तक के घड़ा व सुराही है। कुम्हारों की पीड़ा कि अब इस काम में उतना कमाई नहीं रह गई है। मंहगाई के इस दौर में सही से चार लोगों का परिवार चलाना मुश्किल हो जाता है। मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार सुअरजंघा गांव निवासी जगदेव प्रजापति ने बताया कि सरकार को कुम्हार समाज के प्रति ध्यान देना चहिये। कुम्हारों को सरकार की योजनाओं से आच्छादित करना चाहिये।उनके पूर्वजों की आय का मुख्य श्रोत मिट्टी के बर्तन बनाकर बेचना था। पहले हर घर में मिट्टी का घड़ा था। लेकिन दो दशक पहले से लोग स्टील, एल्युमिनियम, प्लास्टिक आदि के बर्तन का इस्तेमाल अधिक करने लगे। आज गर्मी में केवल गांव में ही मिट्टी के घड़े की मांग रह गई है।



# हस्ताक्षर अभियान एवं मतदाता मैत्री बंधन कार्यक्रम का आयोजन

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर बुधवार को समाहरणालय गढ़वा में स्वीप कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान एवं मतदाता मैत्री बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक कुमार पांडेय ने अपना हस्ताक्षर कर मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश दिया। इसके पश्चात मतदाता मैत्री बंधन कार्यक्रम के तहत एसपी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को आई एम वेरीफाईड वोटर, आईएम रेडी टू वोट लिखा मैत्री बंधन बैंड पहनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने भी एसपी को मैत्री बंधन बैंड पहनाया। इस दौरान उपस्थित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भी एक दूसरे को मैत्री बंधन बैंड पहनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी मतीयश विजय टोप्पो, गोपनीय प्रभारी सह भू अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सह स्वीप नोडल प्रमेश कुशवाहा, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीरज कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, सहायक जन संपर्क पदाधिकारी अमित कुमार केशरी, सहायक परियोजना पदाधिकारी सिया जानकी सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

**न्यूज अपडेट्स**

## एसडीओ ने ओवरलोड हाईवा पकड़ा

**हुसैनाबाद :** एसडीओ पीयूष सिन्हा ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान जपला छतरपुर मुख्य मार्ग से एक हाईवा को पकड़ कर हुसैनाबाद थाना को सुपुर्द किया है। पकड़े गये हाईवा पर ओवरलोड गिट्टी लदा हुआ था। इस संबंध में एसडीओ पीयूष सिन्हा ने हाईवा के चालक से चालान की मांग की। चालक ने चालान दिखाया तो हाईवा पर चालान के अनुसार अधिक गिट्टी लदा पाया गया। हाईवा सहित गिट्टी का धर्म कांटा पर तौल किया गया। जिसमे काफी अधिक गिट्टी लदा हुआ था। बाद में हुसैनाबाद थाना को सौंप दिया गया। एसडीओ पीयूष सिन्हा ने कहा कि ओवरलोडिंग कोई भी वाहन सड़क पर चलना गैर कानूनी है। उन्होंने कहा कि ऐसे वाहन चालक व मालिक पर कार्रवाई की जायेगी। पकड़े गये हाईवा के बाद अन्य हाईवा संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

**हादसा** श्री बंशीधर नगर से तिलक चढ़ाकर वापस लौट रहे थे घर

# टेम्पो पलटा, आधा दर्जन बाराती घायल

बंशीधर न्यूज






**भवनाथपुर :** भवनाथपुर-श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ पर कड़िया धाम गेट के समीप बुधवार की सुबह टेम्पो अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे गिर गई। जिससे उस पर सवार आधा दर्जन से अधिक बाराती घायल हो गये। उक्त सभी लोग तिलक चढ़ाकर वापस घर लौट रहे थे। घायलों में खरौंधी के चंदनी गांव निवासी बचन देव राम, राममूरत रावत, लालमन रावत, महेंद्र राम, संजय राम, राजमोहन राम के अलावे दो अन्य लोगों के नाम शामिल हैं। उक्त सभी घायलों को भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिये भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल बचनदेव राम व संजय राम को बेहतर ईलाज के लिये सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार खरौंधी थाना क्षेत्र के चंदनी गांव निवासी महेंद्र राम की बेटी की तिलक मंगलवार की शाम श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जमुई गांव में चंद्रिका राम के घर गया था। तिलक चढ़ाने गये बाराती एक ऑटो पर सवार होकर जमुई से बुधवार की सुबह लगभग छः बजे अपने घर खरौंधी के लिये निकले थे कि भवनाथपुर मुख्य पथ पर कड़िया धाम गेट के समीप तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर 15 फिट गहरे पुलिया में गिर गई। जिसमे सभी लोग घायल हो गये।

## शादी में मातम. बहन की मंडप में भाईयों ने की मार पीट, एक की मौत



**रंका :** गढ़वा जिला अंतर्गत रंका थाना क्षेत्र के बडकाडीह गांव में बीती रात्रि शादी समारोह मातम में बदल गई। बहन की मंडप के दौरान चार भाई बिजली की तार के विवाद को लेकर आपस में भिड़ पड़े। इनके बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट की इस घटना में एक भाई सुदेश सिंह 38 वर्ष की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बड़काडीह निवासी बिगन सिंह की बेटी की शादी होनी थी। मंगलवार की रात्रि मड़वा कार्यक्रम के दौरान बिजली के तार को लेकर चारों भाईयों के बीच विवाद इतना गहरा गया कि जमकर मारपीट हो गयी। इस घटना में गंभीर रूप से घायल सुदेश सिंह को आनन-फानन में इलाज के लिये गढ़वा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रेफर कर दिया। लेकिन उसकी मौत गयी। घटना के बाद शादी वाले इस घर में कोहराम मच गई। खुशी का माहौल गमगीन हो गया। बताया जाता है कि बुधवार को घर में बहन बारात आने वाली थी। बताया जाता है कि मृतक सुदेश सिंह के साथ उसके अन्य भाईयों के साथ पुराना विवाद था। ग्रामीण बताते हैं कि पुराना विवाद के कारण ही इस घटना को अंजाम दिया गया है।

## मानव एकता दिवस कार्यक्रम आयोजित



**गढ़वा :** निरंकारी मिशन के तत्वावधान में सामुदायिक भवन गढ़वा में मुरारी प्रसाद की अध्यक्षता में मानव एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले 43 लोगों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि मानव को मानव से प्यार हो एक दूजे का सहारा बने इसकी मूल आवश्यकता है। ब्रह्म ज्ञान से जीवन में प्यार आता है। प्यार से उंच नीच का भेदभाव समाप्त हो जाता है। कार्यक्रम का संचालन सुषमा बहन ने की। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भैंस से टकरा कर बाईक सवार एक युवक की हुई मौत, दूसरा गंभीर



**विश्रामपुर :** बरवाडीह पेट्रोल पंप के निकट बुधवार की सुबह भैंस से टकरा कर बाईक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई।जबकि बाईक पर सवार एक अन्य नाबालिग घायल हो गया है। घायल बाईक सवार किशोर को विश्रामपुर सीएचसी में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। जबकि मौके पर पहुंची रेहला थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये मेदिनीनगर के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार रेहला थाने के उरसुला गांव से दीपनारायण राम का पुत्र आनंद कुमार (20) गांव के ही शनि कुमार यादव (14) को लेकर बुधवार की सुबह करीब चार बजे अपनी बाईक से गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन अपने भाई राहुल कुमार को रिसीव करने जा रहा था। इसी दौरान बरवाडीह गांव स्थित पेट्रोल पंप के निकट उसकी बाईक एक भैंस से टकराकर दुर्घनाग्रस्त हो गयी। जिसमें आनंद कुमार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि शनि कुमार को घायलावस्था में इलाज के लिये विश्रामपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पर पहुंची रेहला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि घटना के सम्बंध में जांच पड़ताल की जा रही है। उन्होंने आशंका व्यक्त किया है कि किसी बड़े वाहन की चपेट में आकर दो भैस की मौत हो गयी थी। मृतक युवक की बाईक उन्हीं किसी भैस से टकरा कर दुर्घनाग्रस्त हो गयी है। पूरे मामले की गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। उधर पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है। युवक का शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिजन का रो -रो कर बेहाल हो गया था।

## कच्चा मकान से दो देशी बंदूक जब्त, जांच में जुटी पुलिस

**भवनाथपुर :** पुलिस ने गुप्त सूचना पर बीती रात्रि पंडरिया पंचायत के गर्दा टोला में एक कच्चा मकान से 12 बोर के दो देशी बंदूक, छह जिंदा कारतूस, आठ खोखा और पचास ग्राम बारूद जप्त किया है। पुलिस मामले को लेकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की करवाई में जुटी है। घटना के बारे में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि मंगलवार की देर शाम सूचना मिली थी कि पंडरिया पंचायत के गर्दा टोला में एक कच्चे सुनसान मकान में कुछ लोगों के द्वारा घटना को अंजाम देने के लिये हथियार छुपा कर रखा हुआ है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये छापेमारी की जहां से उक्त हथियार, जिंदा कारतूस, खोखा को बरामद किया गया है।

# पलामू कलेक्ट्रेट से सेवानिवृत्त प्रधान सहायक का निधन

बंशीधर न्यूज



**कांडी :** पलामू कलेक्ट्रेट से सेवानिवृत्त प्रधान सहायक सह कांडी के अधौरा गांव निवासी प्रतिभा रंजन प्रसाद उर्फ मोती बाबू का आकस्मिक निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। अपने रांची स्थित आवास पर मंगलवार की देर शाम 7.30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। वे कांडी थाना क्षेत्र के शिवपुर पंचायत अंतर्गत अधौरा गांव निवासी सेवानिवृत्त रेंज अफसर स्व ठाकुर कमला प्रसाद सिन्हा के पुत्र रिटायर एलडीएम ललित मोहन प्रसाद के छोटे भाई, पत्रकार प्रियरंजन एवं राम रंजन के बड़े भाई तथा बिंदास न्यूज गढ़वा के निदेशक पत्रकार आशुतोष रंजन के बड़े पापा थे। राजस्व संबंधी मामलों के जानकार व मिलनसार व्यक्ति के अचानक निधन को लेकर मोहल्ले व गांव में मातम पसरा है। वह पलामू कलेक्ट्रेट के विभिन्न प्रभागों में बतौर प्रधान सहायक वर्षों तक पदस्थापित रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने पलामू के चैनपुर एवं गढ़वा जिला के भवनाथपुर अंचल में भी सेवा दी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर शाम अपने वास्तु विहार स्थित आवास में वे लगभग ठीक-ठाक थे। अचानक वह संज्ञाहीन हो गये। उन्हें तत्काल एचईसी पारस हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अगले कई घंटों में परिवार के सभी सदस्यों के साथ-साथ दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर बतौर पदाधिकारी पदस्थापित उनका पुत्र अमिताभ रंजन परिवार सहित सेवा विमान से रांची पहुंचा।

# दो सड़क हादसों में एक दर्जन लोग जख्मी, एक की मौत



**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के छत्तरपुर प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। वहीं एक दर्जन से अधिक लोग घयल हो गए। पहली घटना फोरलेन बाईपास के छत्तरपुर-मड़वा मार्ग के उदयगढ़ मोड़ के पास घटी, जहां तेज गति से डालटनगंज की ओर जा रही एक स्कोर्पियो ने टेम्पो में धक्का मार दिया, जिसमें आधे दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को छत्तरपुर अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां एक गंभीर जख्मी को मेदनीनगर सदर अस्पताल भेज गया है। वही दूसरी घटना छत्तरपुर-जपला मुख्यपथ के गोपलापुर में घटी। जहां दो मोटरसाइकलों में टक्कर हो गयी, जिसमें एक युवक की मौत हो गयी। दोनों विपरीत दिशा से वापस लौट रहे थे। इसी बीच गोपलापुर के पास सामने भिड़ गए, जिसमें छोटू यादव डुमरिया की मौत घटनास्थल पर ही हो गया। वही धर्मेंद्र विश्वकर्मा (22), सुगन्धि कुमारी (13), अवधेश यादव (22) , सुनैना कुवर (60 )बगैया गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। वही दूसरी घटना में तेतरी देवी तुड़वा, अनिल राम रूद्व, काजल कुमार रूद्व, आरती देवी छिछोडी, वरणी देवी (20 ) चिरु, अशोक कुमार चिरु, प्रकाश राम, विशेश्वर राम, सुमन कुमारी, रूपेश कुमार गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर अस्पताल भेज दिया गया है।

**हनुमान जयंती के मौके पर विभिन्न मंदिरों में नहीं पूजा की धूम**

# सुंदरकांड पाठ पढ़ने से होती है बाधा दूर : वीडी राम

बंशीधर न्यूज



**चैनपुर :** प्रखंड में हनुमत जन्मोत्सव को लेकर विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की धूम रही। चैनपुर महावीर मंदिर में नागरिक मंच के तत्वावधान में हनुमत पूजा एवं सुंदरकांड पाठ किया गया। इस दौरान दिवाकर पाठक एवं सविता की टीम ने सुंदरकांड का पाठ किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद वीडी राम, पूर्व मेयर अरुण शंकर, उपमेयर मंगल सिंह, चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर, भाजपा के प्रभारी विनय कुमार लाल, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय, भोला पांडेय, आनंद सिंह, मनोज दास उपस्थित थे। सांसद श्री राम ने कहा कि सुंदरकांड के पाठ करने से जीवन में होने वाली बाधा से मुक्ति होती है। कार्यक्रम में काशी प्रसाद, विजय प्रसाद, अशोक दास, उमेश सोनी, प्रदीप प्रसाद, श्रवण प्रसाद, नारायण प्रसाद, सत्यनारायण प्रसाद, अरविंद कुमार, जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य मीना गुप्ता, हंसराज, सुनील प्रसाद, अमित प्रसाद, अविनाश प्रसाद, राजन कुमार, चंदेश्वर प्रसाद, कृष्ण प्रसाद, शिवनाथ प्रसा समेत कई लोग शामिल थे।






# आदिवासियों के विकास व भ्रष्टाचारियों पर सख्ती के लिए भाजपा जरूरी: भूपेंद्र

**गुमला।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल बुधवार को लोहरदगा लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के नामांकन में शामिल हुए। गुमला में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आदिवासियों के सर्वांगीण विकास, विकसित भारत और भ्रष्टाचारियों पर सख्ती के लिए भाजपा जरूरी है। किसानों को सम्मान निधि मिलती रहे, महिलाओं और बेटियों को इज्जत मिले, दुश्मन डरते रहें, इसके लिए भी भाजपा जरूरी है। गुजरात के मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता नरेन्द्र मोदी को सेवा दायित्व सौंपने का महापर्व हो रहा है। झारखंड की जनता राज्य की 14 सीटों पर एनडीए उम्मीदवार को विजय बनाकर भाजपा के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने में आशीर्वाद दें। उन्होंने कहा कि झारखंड का नसीब चमकाने का यह पर्व है। इसमें चूकना नहीं है। विधानसभा चुनाव में भी जनता आशीर्वाद देगी तो यहां डबल इंजन की सरकार बनेगी। इसके बाद हर गारंटी पूरी होगी। पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आदिवासियों के विकास पर



पूरा फोकस कर रहे हैं। झारखंड के आदिवासी परिवारों के विकास की गारंटी दी है। जिसे कोई नहीं पूछता है, उसे प्रधानमंत्री मोदी पूछते हैं। गरीबों को गरिमामय जीवन देने का काम उन्होंने किया है। गरीबों को कभी लोन नहीं मिलता था। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में उन्हें लोन दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में विकास का कार्य हुआ है। पूरे देश में 100 से अधिक वंदे भारत ट्रेन चल रही है, जिसमें तीन ट्रेन झारखंड को भी मिली है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए भाजपा का सत्ता में आना जरूरी है।

### झारखंड की मांग का सम्मान नहीं किया : बाबूलाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है। इसमें सबको साथ देना है। लोहरदगा सीट से समीर उरांव को विजयी बनाना है। पीएम के नेतृत्व में 10 वर्ष में विकास का व्यापक काम हुआ है। ऐसा काम आज तक कभी नहीं हुआ। गरीबों को पक्का मकान मिला। गैस कनेक्शन मिला। मुक्त राशन मिल रहा है। बीमारी के इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड दिया गया। गांव-गांव में सड़कों का जाल बिछा है। मोदी को प्रधानमंत्री बनने के लिए जनता वोट करे। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले झारखंड और विकास विरोधी हैं। उन्होंने कभी भी झारखंड अलग राज्य नहीं चाहा। झारखंड की मांग का सम्मान नहीं किया। झारखंड की जनता की भावना का सम्मान नहीं किया। भाजपा ने जो वादा किया, उसे पूरा किया। इंडी गठबंधन के लोग ने झारखंड को लूटने का काम किया है। कुछ अभी जेल में हैं। कुछ बेल पर हैं। कुछ को सजा मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसी जाति, धर्म के साथ भेदभाव नहीं करती है। एक समान रूप से सभी को योजनाओं का लाभ देती है।

### झारखंड के लोगों का हक लूटा : अमर बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने धरती आबा बिरसा मुंडा का गौरव बढ़ाने का काम किया है। साल 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। पीएम ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री मोदी आशीर्वाद लेने के लिए खड़े हैं। जनता आशीर्वाद दे।

## 10 प्रतिशत ज्यादा वोट पड़ना चाहिए : वीके सिंह

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह बुधवार को पलामू में एनडीए प्रत्याशी वीडी राम के नामांकन में शामिल हुए। वहां आयोजित विशाल जनसभा को उन्होंने संबोधित किया। मौके पर जनरल वीके सिंह ने कहा कि पलामू से एनडीए प्रत्याशी वीडी राम को भारी मतों से जिताना है, ताकि उन्हें दिल्ली में और जिम्मेदारी का पद मिले। उन्होंने कहा कि देश की गति के साथ झारखंड को आगे बढ़ाने के लिए एनडीए को यहां से पूरा वर्चस्व मिलना चाहिए। झारखंड की सभी 14 सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत होनी चाहिए। जनरल सिंह ने कहा कि पीएम का सपना है कि भारत में सड़क, रेल का जाल बिछे। घर-घर बिजली पहुंचे। सड़कों का जाल बिछा है। सड़कें अब भी बन रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व फौजी जनरल एक छोटी सी अपील करने यहां आया है। पलामू के प्रत्याशी वीडी राम को इतना बहुमत से विजयी बनाकर दिल्ली भेजें कि लोग चकित रह जाए। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब झारखंड में एक दो महीने में नए ब्रिज गिर जाते थे। अब ऐसा नहीं होता है।



### कांग्रेस, राजद, झामुमो ने कभी झारखंड के लोगों का सम्मान नहीं किया : बाबूलाल मरांडी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी। पलामू से इस बार दस प्रतिशत ज्यादा वोट पड़ना चाहिए। कमल निशान का बटन दबाकर वीडी राम को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाना है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एनडीए सरकार में हुए विकास का कार्य किसी से छिपा नहीं है। प्रधानमंत्री गांव, गरीब, महिला, युवा सबकी चिंता करते हैं। सबके लिए काम किया है। प्रधानमंत्री ने गरीबों को घर दिया है। गैस दिया है। गरीब भूखे नहीं सोए, इसके लिए उन्हें मुक्त राशन दिया जा रहा है। यह अगले पांच साल तक जारी रहेगा। बीमार होने पर अच्छे अस्पताल में इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री ने आयुष्मान कार्ड भी दिया है। मरांडी ने कहा कि झारखंड अलग राज्य भाजपा की देन है। कांग्रेस, राजद, झामुमो ने कभी झारखंड के लोगों का सम्मान नहीं किया। झारखंड अलग राज्य का आंदोलन वर्षों से चल रहा था। कांग्रेस ने इस आंदोलन को खरीदने देने का काम किया। झामुमो सहित अन्य दल कांग्रेस के हाथों में बिक गए। मरांडी ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार ने कोयला, लोहा, सबको लुटवाया। बालू तक को नहीं छोड़ा। काम के लिए बालू लेकर जाने लोगों पर एफआईआर किया जाता है। सरकार के लोग अपनी तिजोरी भरकर बालू को बाहर भेज रहे हैं। उन्होंने पहाड़ तक को समाप्त कर दिया है। सेना की जमीन तक को लूटा है। इसकी वजह से आज हेमंत सोरेन जेल में बंद है।

### भाजपा सरकार ने नक्सलियों पर नकेल कसा : वीडी राम

पलामू सांसद वीडी राम ने कहा कि भाजपा की नीति और कार्यक्रम में कोई भेदभाव नहीं होता है। योजनाओं का लाभ हर वर्ग और जाति के लोगों को मिलता है। वर्ष 2014 से पहले शाम 5 बजे के बाद क्षेत्र में डर और भय का वातावरण रहता था। भाजपा की सरकार आने पर नक्सलियों पर नकेल कसने का काम किया गया। आज निर्भय होकर लोग आते-जाते हैं। वर्तमान सरकार में चारों तरफ भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि वह पूर्व के अधूरे काम को पूरा करेंगे।

# झारखंड के लोग खुद बनाते हैं अपनी राह : कल्पना सोरेन

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने विदेश में रहकर पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र संजय को बधाई दी है। उन्होंने बुधवार को ट्वीट कर लिखा है खूब बधाई। कोई भी विपत्ति आए झारखंडी अपनी राह खुद बनाता है। उस राह पर चलकर अपनी मंजिल को भी पाता है। क्योंकि, झारखंडियों ने कभी झुकना सीखा ही नहीं है। कल्पना ने लिखा है कि हेमंत सोरेन से जेल में अपनी अगली मुलाकात में मैं आपकी उपलब्धि के बारे में उन्हें जरूर बताऊंगी। वो आपकी इस उपलब्धि पर बहुत खुश होंगे। मुझे वह कहते थे कि झारखंड से 50 से अधिक आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज के युवा विदेश में सौ फीसदी



सरकारी खर्चे पर पढ़ाई के लिए जा चुके हैं। कुछ की तो विदेश में ही नौकरी भी लग गयी है। वह यह भी कहते थे कि देखना जब यह युवा विदेश में नई-नई जानकारी सीखेंगे तो उसका उपयोग वह अपने लिए, अपने परिवार के लिए, अपने गांव के लिए, अपने समाज के लिए, अपने झारखंड के लिए और देश के लिए कर पाएंगे और यह भी कि अब झारखंड पीछे मुड़कर नहीं देखेगा, आगे बढ़ने का यह जो कारवां शुरू हुआ है, वह बढ़ता ही जायेगा।

### हेमलाल मुर्मू बने झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य हेमलाल मुर्मू को पार्टी का केन्द्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर बुधवार को हेमलाल मुर्मू को प्रवक्ता बनाया गया। इस संबंध में पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडे ने पत्र जारी किया है। यह नियुक्ति पत्र निर्गत होने के समय से ही तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

## देश में इलेक्टोरल बॉन्ड स्कैम के बाद सूरत में दिखा वोट स्कैम : सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से निर्विरोध निर्वाचन पर भाजपा पर सवाल खड़ा किया है। भट्टाचार्य ने कहा कि बीते दिन गुजरात के सूरत लोकसभा सीट से निर्विरोध चुने गए भाजपा सांसद के चुनाव संदेह की घेरे में है। देश में इलेक्टोरल बॉन्ड के बाद सूरत में एक नया वोट स्कैम देखने को मिला। इस सीट से कांग्रेस के नामांकन को रद्द किया गया और जितने भी दल के उम्मीदवार थे। सभी ने एक साथ नामांकन वापस ले




लिया। इससे पहले भी निर्विरोध सांसद चुने गए हैं। लेकिन कभी भी किसी पर उंगली नहीं उठी। लेकिन गुजरात के भाजपा अध्यक्ष ने मिलकर यह साजिश रची और अधिकारी पर दबाव बनाकर परिणाम घोषित करवाया। अब राजनीतिक शर्म हया कुछ नहीं है। भट्टाचार्य बुधवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर भी निशान साधते हुए कहा कि रक्षा मंत्री यह मान चुके हैं कि उनके उम्मीदवार अर्जुन मुंडा चुनाव हार गए। क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में उनकी जीत कैसे हुई थी, यह किसी से छुपी हुई नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बार राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एनडीए में बाबूलाल मरांडी और सुदेश महतो हैं। ऐसे में उन्हें कौन हरा सकता है। इसका मतलब स्पष्ट है कि उन्हें हार का डर सताने लगा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और भाजपा कितनी भी षड्यंत्र रच ले जनता का साथ इंडी गठबंधन के साथ रहेगा।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)